प्रेस विज्ञप्ति
त्वरित प्रकाशन के लिए

इंदौर, 25/01/2024

सिनेमा से संरक्षण: इंदौर करेगा पहले 'वेटलैंड्स फॉर लाइफ' फिल्म फेस्टिवल और फोरम की मेजबानी

इंदौर 3 से 5 फरवरी, 2024 तक 'वेटलैंड्स फॉर लाइफ फिल्म फेस्टिवल एंड फोरम' के पहले अध्याय की मेजबानी करने के लिए तैयार है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन (एमओईएफ एंड सीसी) मंत्रालय, भारत सरकार और जर्मन सरकार की संस्था जीआईजेड द्वारा जैव विविधता और जलवायु संरक्षण के लिए वेटलैंड्स प्रबंधन पर बीएमयूवी-आईकेआई परियोजना के तहत आयोजित किया जा रहा है ।

'वेटलैंड्स फॉर लाइफ' कार्यक्रम इस वर्ष दो फ़रवरी को इंदौर में होने वाले भारत सरकार के विश्व आर्द्रभूमि दिवस समारोह का एक हिस्सा ह। इस कार्यक्रम अंतर्गत पूरे भारत में चार फिल्म महोत्सव और प्रतियोगिता, चार मीडिया परामर्श कार्यशालाएं और चार क्षेत्रीय पत्रकारिता और मीडिया छात्रों की कार्यशालाएं आयोजित की जाएँगी जिसकी शुरुआत इंदौर के फिल्म महोत्सव से होगी।

यह महोत्सव इंदौर प्रेस क्लब और नेचर वालंटियर्स की साझेदारी में तीन से पांच फ़रवरी तक इंदौर प्रेस क्लब ऑडिटोरियम, एमजी रोड, इंदौर में रोजाना सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क होगा।

'वेटलैंड्स फॉर लाइफ' फिल्म फेस्टिवल और फोरम की मुख्य विशेषताएं

(3 से 5 फरवरी 2024, सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक)

इंदौर प्रेस क्लब सभागार, एमजी रोड, इंदौर

- उद्घाटन समारोह
- जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, जल संरक्षण और वन्य जीवन पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों की स्क्रीनिंग
- वेटलैंडमित्र पंजीकरण।
- एफटीआईआई पाठ्यक्रम निदेशक और पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता द्वारा इम्पैक्ट फिल्ममेकिंग कार्यशाला
- ऑन-स्पॉट क्विज़/पेंटिंग प्रतियोगिता
- 'वेटलैंड्स हमारी संस्कृति को कैसे आकार देते हैं: हमारी संस्कृति और परंपराओं पर इसका क्या प्रभाव परता है' चर्चा
- वेटलैंड्स राजदूत पुरस्कार
- प्रमाणपत्र वितरण एवं समापन समारोह

इस फिल्म महोत्सव में आर्द्रभूमि, जल और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पुरस्कार विजेता राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों की स्क्रीनिंग जाएगी जिनका उद्देश्य हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में आर्द्रभूमि के महत्वपूर्ण महत्व को उजागर करते हुए शिक्षित और मनोरंजन करना है।

इसके अतिरिक्त, इस महोत्सव में भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) के एक अनुभवी प्रशिक्षक के नेतृत्व में इम्पैक्ट फिल्ममकिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है। ये कार्यशाला का आयोजन भविष्य के फिल्म निर्माताओं को प्रभावशाली फिल्में बनाने के कौशल में सशक्त बनाने के लिए की गई हैं।

युवा प्रतभागियों में पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के खास तौर पर पेंटिंग और क्विज़ प्रतियोगिताओं को आयोजित किया जायेगा। यह महोत्सव वेटलैंड मित्रों का एक नेटवर्क बनाने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा और वेटलैंड राजदूतों, व्यक्तियों और संस्थानों, जिन्होंने वेटलैंड संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, के कार्यों को भी उजागर करने का प्रयत्न करेगा। 'वेटलैंड्स हमारी संस्कृति को कैसे आकार देते हैं: हमारी संस्कृति और परंपराओं पर इसका क्या प्रभाव परता है' विषय पर एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा इस कार्यक्रम इसका एक प्रमुख आकर्षण होगा।

यह महोत्सव 5 फरवरी को आर्द्रभूमि संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान को स्वीकार करने के लिए एक पुरस्कार समारोह के साथ समाप्त होगा। 'वेटलैंड्स फॉर लाइफ फिल्म फेस्टिवल एंड फोरम' सभी के लिए खुला है, और हम जनता को इस ज्ञानवर्धक और आकर्षक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हार्दिक रूप से आमंत्रित करते हैं। आइए, मिलकर हम अपनी महत्वपूर्ण आर्द्रभूमियों के संरक्षण में योगदान दें।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

श्री सब्यसाची भारती, उप निदेशक, सीएमएस-वातावरण

sabyesachi@cmsvatavaran.org,

Mob: +918826689218(WhatsApp) or +91 9818367459